DIGITAL - EPAPER

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 249 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 07 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## कोटा एयरपोर्ट शिलान्यास से पहले गहलोत का बयान

### बोले कांग्रेस सरकार ने 1250 एकड़ जमीन दी, केंद्र की देरी से अटका रहा प्रोजेक्ट

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** कोटा एयरपोर्ट के शिलान्यास से एक दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बयान जारी कर कहा कि इस परियोजना की शुरुआत कांग्रेस सरकार के समय हुई थी। उन्होंने लिखा कि राहुल गांधी ने कोटा में एक जनसभा के दौरान एयरपोर्ट बनाने का वादा किया था, जिसके बाद राज्य की कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2021 में एयरपोर्ट के लिए 1250 एकड़ जमीन निःशुल्क आवंटित की थी। गहलोत ने बताया कि वर्ष 2022 में एयरपोर्ट क्षेत्र से बिजली लाइनों को शिफ्ट करने के लिए करीब 120 करोड़ रुपये का बजट भी स्वीकृत किया गया था, लेकिन केंद्र सरकार की देरी के कारण यह परियोजना करीब चार साल तक लंबित रही। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब शिलान्यास के बाद एयरपोर्ट निर्माण कार्य तेजी से और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा होगा।पूर्व मुख्यमंत्री ने कोटा के चंबल रिवरफ्रंट का भी उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने इसे विश्वस्तरीय प्रोजेक्ट के रूप में विकसित कर कोटा को पर्यटन हब बनाने का प्रयास किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार की उपेक्षा के कारण रिवरफ्रंट पर रेस्टोरेंट और अन्य सुविधाएं शुरू नहीं हो पाई हैं।
गहलोत ने राज्य सरकार से रिवरफ्रंट के बेहतर विकास और रखरखाव की मांग करते हुए कहा कि इससे हाड़ौती क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और एयरपोर्ट परियोजना का महत्व भी और बढ़ेगा।



## नेशनल हाईवे पर भीषण हादसाः वैन-ट्रेलर की भिड़ंत में दो की मौत



**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

नेशनल हाईवे-158 पर शुक्रवार सुबह वैन और ट्रेलर के बीच आमने-सामने की भीषण टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा थाना क्षेत्र में बदनोर और बार के बीच हुआ।
जानकारी के अनुसार ब्यावर की ओर से आ रही मारुति वैन और भीलवाड़ा की तरफ से आ रहे ट्रेलर के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई। बताया जा रहा है कि वाहन रॉन्ग साइड में आने के कारण यह दुर्घटना हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन में सवार दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।
मृतकों की पहचान आसींद के कंवल्यास निवासी परशुराम वैष्णव (56) पुत्र बालूदास वैष्णव और लाछुड़ा निवासी सुरेशचंद (38) पुत्र नंदलाल तेली के रूप में हुई है। परशुराम वैष्णव पेशे से होटल संचालक था। हादसे में बोरेड़ा निवासी कैलाश बलाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद ब्यावर के राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद दोनों शवों को बार अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द किया है और मामले की जांच की जा रही है ।

## प्रदेश में 10.5 लाख नए लाभार्थियों को जोड़ा, पेंशन 1450 रुपये प्रतिमाहः अविनाश गहलोत

### विधानसभा में बोले मंत्री पात्र लोगों के नाम सूची से नहीं हटाए, रुकी पेंशन सत्यापन के बाद एरियर सहित शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी पात्र लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार ने करीब 10.5 लाख नए लाभार्थियों को पेंशन योजना से जोड़ा है तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पेंशन राशि बढ़ाकर 1450 रुपये प्रतिमाह कर दी गई है। प्रश्नकाल के दौरान विधायक भगवाना राम सैनी के पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार ने पात्र लाभार्थियों के नाम पेंशन सूची से नहीं हटाए हैं। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 तक की सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान कर दिया गया है और करीब 1100 करोड़ रुपये की राशि में से केवल 4.56 करोड़ रुपये का भुगतान शेष है, जिसके लिए सत्यापन प्रक्रिया जारी है।मंत्री ने बताया कि वर्ष 2017-18 के बाद राज्य में 2 लाख 90 हजार से अधिक पेंशनर्स की रुकी हुई पेंशन फिर से शुरू की गई है। झुंझुनूं जिले में 4,945 मामलों में



पेंशन पुनः प्रारंभ की गई। वहीं वर्ष 2021 के बाद विभिन्न कारणों से करीब 1.78 लाख लाभार्थियों की पेंशन रुकी थी, जिनमें से लगभग 40 हजार लोगों की पेंशन दोबारा शुरू कर दी गई है।
उन्होंने कहा कि पेंशन रोकने के कारणों में जनआधार में बैंक खाते या आईएफएससी की त्रुटि, गलत प्रविष्टि या अन्य तकनीकी कारण शामिल हैं। सत्यापन के बाद पात्र पाए जाने पर पेंशन को एरियर सहित पुनः शुरू किया जाता है। लाभार्थी अपनी पेंशन की स्थिति ई-मित्र या एसएसओ पोर्टल के माध्यम से भी देख सकते हैं।
गहलोत ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों के वार्षिक भौतिक सत्यापन के लिए विशेष ग्राम सभाएं आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही 'गिव ऑफ अभियान' के तहत अपात्र लोगों के नाम हटाकर पात्र व्यक्तियों को योजना से जोड़ा जा रहा है।

## रिवॉल्वर अनलोड करते समय हादसा, एएसआई ने गंवाई जान

### कोतवाली थाने में थे तैनात, कुछ दिन पहले ही बने थे एएसआई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह हुए दर्दनाक हादसे से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया । एएसआई महावीर सिंह के सिर में उनकी ही सर्विस रिवॉल्वर से चली गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना से पुलिस महकमे में शोक की लहर फैल गई।
जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10 बजे एएसआई महावीर सिंह अपने घर पर सर्विस रिवॉल्वर को अनलोड कर रहे थे। इसी दौरान अचानक गोली चल गई, जो सीधे उनके सिर में जा लगी। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।
सूचना मिलते ही एसपी धर्मेंद्र सिंह सहित कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी करवाई गई तथा शव को महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्च्युरी में रखवाया गया।




परिजनों के अनुसार महावीर सिंह रात में ड्यूटी पर थे और सुबह घर लौटे थे। घर आने के बाद वे अपनी सर्विस रिवॉल्वर से गोलियां निकाल रहे थे। बताया जा रहा है कि तीन गोलियां निकालने के बाद चौथी निकालते समय अचानक फायर हो गया। घटना से पूर्व उन्होंने घर में चाय बनाने के लिए भी कहा था ।
महावीर सिंह हाल ही में हेड कॉन्स्टेबल से पदोन्नत होकर एएसआई बने थे और कोतवाली थाने में तैनात थे।
डीएसपी सज्जन सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला हादसे का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सिंगोली चारभुजा के विकास की उम्मीद जगी

### विधायक गोपाल खंडेलवाल के प्रयासों से मंदिर विकास के लिए 4 करोड़ स्वीकृत

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**

मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सिंगोली चारभुजा मंदिर के विकास की उम्मीद अब फिर से जागी है। देवस्थान विभाग की ओर से अधिग्रहीत आत्मनिर्भर श्रेणी के इस मंदिर के विकास के लिए राज्य सरकार ने 4 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। यह राशि विधायक गोपाल खंडेलवाल के विशेष प्रयासों से मंजूर हुई है।
विधायक खंडेलवाल सिंगोली चारभुजा मंदिर पहुंचे और वहां प्रबुद्धजनों तथा स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ मंदिर परिसर में प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान मंदिर में दर्शनार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इसके विस्तारीकरण और आधुनिक सुविधाएं विकसित करने पर सहमति बनी।
फूलडोल सुझाव समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सिंह ने मंदिर के विस्तार का प्रस्ताव रखते हुए बताया कि बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर के दक्षिणी, पश्चिमी और उत्तरी छोर पर छत के स्तर से लगभग 30-30 फीट तक चौड़ाई बढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि वास्तुविदों की सलाह से भूगर्भीय स्तर से मजबूत कॉलम खड़े कर निर्माण किया जाए, जिससे मंदिर की संरचना



और अधिक सुदृढ़ हो सके।
बरूंदनी प्रशासक गजेन्द्र कुमार साहू ने मंदिर में आने वाले वृद्धजनों और दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में लिफ्ट लगाने का सुझाव दिया, ताकि सभी श्रद्धालु आसानी से दर्शन कर सकें।
इस अवसर पर सिंगोली श्याम सेवा संस्थान के अध्यक्ष भवानी शंकर जोशी, सचिव राधेश्याम सेन, जीवा खेड़ा के पूर्व सरपंच एवं जीएसएस अध्यक्ष शोभालाल जाट, सिंगोली प्रशासक राकेश कुमार आर्य, भाजपा ग्रामीण मंडल मांडलगढ़ अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, मंदिर प्रबंधक अर्जुन सिंह सोलंकी, मंदिर भंडारी सुरेन्द्र कुमार पाराशर, मनोज सनाढ्य, गोवर्धन वैष्णव, महावीर सारस्वत सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिरकर महिला की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा। ।**



शहर में शुक्रवार को राजीव गांधी ऑडिटोरियम के बाहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली के अचानक असंतुलित होने से उसमें सवार एक महिला नीचे गिर गई, जिससे सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली तेज गति से गुजर रहा था। ऑडिटोरियम के पास पहुंचते ही चालक का वाहन पर नियंत्रण बिगड़ गया। इसी दौरान जोरदार झटका लगने से ट्रॉली में बैठी महिला संतुलन खो बैठी और सड़क पर गिर गई। गिरने से महिला के सिर में गंभीर चोट आई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।
घटना के बाद राजगीरों की भीड़ जमा हो गई और तुरंत महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया।
सूचना मिलते ही सुभाषनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है और पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है।

## गाय को बचाने के प्रयास में बाइक फिसली, चालक घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** नेशनल हाईवे 758 पर कालिरडिया चौराहे के पास गुरुवार रात एक बाइक दुर्घटना में चालक घायल हो गया। बताया जा रहा है कि सड़क पर अचानक सामने आई गाय को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। 108 एंबुलेंस के कंपाउंडर आयुष गौतम और चालक हरिशंकर शर्मा ने बताया कि हादसे में हाथीपुरा (बनेड़ा) निवासी बद्रीलाल पुत्र रामचंद्र कुम्हार घायल हो गया। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को



सवाईपुर चिकित्सालय लाया गया। सवाईपुर चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद सिर में चोट होने के कारण घायल को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।

## कार ने मारी बाइक को टक्कर , 14 वर्षीय किशोर की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। सिंगोली चारभुजा निवासी कालू रैगर अपने गांव के राधेश्याम (14) को साथ लेकर बाइक से बरुंदनी रोड स्थित पेट्रोल पंप पर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी।
टक्कर लगते ही पीछे बैठा राधेश्याम सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने राधेश्याम को मृत घोषित कर दिया, जबकि बाइक चालक कालू का प्राथमिक उपचार किया गया।
हादसे के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया और कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संपादकीय

### घोषणा से पहले ही सियासी सरगर्मियां तेज

## सोशल मीडिया पर दावेदारों की होड़, लेकिन कस्बे की असली समस्याएं अब भी चर्चा से दूर

नगर पालिका चुनावों की आधिकारिक घोषणा भले अभी बाकी हो, लेकिन बिजोलिया क्षेत्र में चुनावी माहौल पहले ही बनता दिखाई देने लगा है। संभावित उम्मीदवारों की सक्रियता इन दिनों साफ नजर आ रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म,



व्हाट्सएप ग्रुप, छोटी-छोटी बैठकों और जनसंपर्क के माध्यम से कई चेहरे अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुट गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है मानो चुनावी बिगुल बजने से पहले ही सियासी रणभूमि सजने लगी हो।

फेसबुक पोस्ट और व्हाट्सएप संदेशों के जरिए नेता विकास के दावे और पुराने मुद्दों को फिर से चर्चा में ला रहे हैं। कोई सड़क निर्माण को मुद्दा बना रहा है, तो कोई विद्यालय भूमि और मुख्य मार्गों के चौड़ीकरण की बात कर रहा है। कुछ संभावित दावेदार पूर्व पंचायत कार्यकालों में हुई कथित दलाली और भ्रष्टाचार को भी सामने लाकर राजनीतिक माहौल गरमाने की कोशिश कर रहे हैं। यह सक्रियता यह संकेत देती है कि इस बार नगर पालिका चुनावों में मुकाबला रोचक रहने वाला है। लोकतंत्र में राजनीतिक सक्रियता और बहस का होना स्वस्थ संकेत माना जाता है, लेकिन यह भी उतना ही जरूरी है कि चुनावी चर्चा केवल आरोप-प्रत्यारोप और राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित न रह जाए। कस्बे में कई ऐसे जमीनी मुद्दे हैं जो लंबे समय से समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन चुनावी विमर्श में उन्हें अपेक्षित स्थान नहीं मिल पा रहा है। बिजौलिया के मुख्य मार्गों पर उड़ती धूल, कई स्थानों पर जाम और बंद पड़ी नालियां, मोहल्लों में फैलता कचरा और स्वच्छता व्यवस्था की चुनौतियां आम लोगों के लिए रोजमर्रा की परेशानी बनी हुई हैं। बरसात के मौसम में यही समस्याएं और गंभीर रूप ले लेती हैं। पर्यावरण संरक्षण, हरियाली और स्वच्छ वातावरण जैसे विषय भी कस्बे के भविष्य से जुड़े हैं, लेकिन इन पर गंभीर चर्चा शायद ही कहीं दिखाई देती है। इसके अलावा स्कूलों और खेल मैदानों पर बढ़ते अतिक्रमण भी चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। जहां बच्चों और युवाओं के लिए खेल और गतिविधियों के खुले स्थान होने चाहिए, वहां धीरे-धीरे अतिक्रमण की स्थिति बनती जा रही है। यह केवल भूमि का मामला नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के स्वस्थ और सक्रिय भविष्य से जुड़ा सवाल है। स्थानीय बाजार की स्थिति भी धीरे-धीरे प्रभावित हो रही है। फुटकर और चल विक्रेताओं का कारोबार सिमटता नजर आ रहा है। बाजारों में व्यवस्थित व्यवस्था, पार्किंग, स्वच्छता और यातायात प्रबंधन जैसे विषयों पर ठोस योजना की आवश्यकता है, लेकिन इन मुद्दों पर अभी तक कोई स्पष्ट पहल सामने नहीं आई है।

सबसे गंभीर चिंता का विषय युवाओं में बढ़ती नशाखोरी है। छोटे कस्बों तक नशे की पहुंच समाज के लिए एक बड़ा खतरा बन सकती है। यह केवल कानून-व्यवस्था का मामला नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और सामूहिक जिम्मेदारी का विषय भी है। दुर्भाग्य से इस मुद्दे पर अब तक किसी संभावित उम्मीदवार की ओर से कोई ठोस पहल या स्पष्ट दृष्टिकोण सामने नहीं आया है।

नगर पालिका चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने का अवसर नहीं होते, बल्कि यह तय करने का समय भी होता है कि आने वाले वर्षों में कस्बे का विकास किस दिशा में आगे बढ़ेगा। ऐसे में जरूरी है कि चुनावी बहस सोशल मीडिया की सीमाओं से बाहर निकलकर उन मुद्दों तक पहुंचे जो वास्तव में जनता के जीवन से जुड़े हुए हैं। बिजोलिया जैसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध कस्बे को केवल चुनावी नारों की नहीं, बल्कि जिम्मेदार, संवेदनशील और दूरदर्शी नेतृत्व की आवश्यकता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि चुनाव की औपचारिक घोषणा के साथ ही राजनीतिक चर्चा का केंद्र भी बदलेगा और जनता के वास्तविक मुद्दे ही चुनावी एजेंडे की दिशा तय करेंगे। क्योंकि लोकतंत्र की असली मजबूती वहीं होती है, जहां राजनीति जनता की जरूरतों और सवालों से संचालित होती है।

**कपिल विजयवर्गीय ( प्रधान संपादक )**

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

## संपर्क पोर्टल पर लंबित मामलों पर जताई नाराजगी, विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति, लंबित प्रकरणों की स्थिति तथा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।



कलेक्टर संधू ने संपर्क पोर्टल पर लंबे समय से लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जताते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विभागीय कार्यवाही, योजनाओं की प्रगति तथा अंतर-विभागीय समन्वय पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों से आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रकरणों के शीघ्र समाधान पर जोर दिया।

बैठक में एडीएम सिटी प्रतिभा देवठिया सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# छोटा रूणिचा धाम में गूंजेंगे भक्ति के सुर, 19 मार्च को भजन संध्या

## अभिषेक-हवन से शुरू होंगे धार्मिक आयोजन, श्रद्धालुओं को दिया जा रहा निमंत्रण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**नरेश धाकड़** हिन्दू नववर्ष के अवसर पर छोटा रूणिचा धाम, नया नगर में श्री बाबा रामदेवजी एवं श्री चैतन्य कानिफ नाथजी को समर्पित भव्य भजन संध्या का आयोजन 19 मार्च को रात्रि 8 बजे से किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं और कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।



आयोजन से पूर्व 18 मार्च को सुबह 8 बजे अभिषेक एवं हवन का कार्यक्रम होगा, जो दोपहर 1 बजे तक चलेगा। इसके बाद 19 मार्च की रात्रि में भजन संध्या आयोजित होगी, जिसमें विभिन्न भजन गायक भक्तिमय प्रस्तुतियां देंगे। भजन संध्या में बबलू राजस्थानी, धीरज मेघवंशी, बबलू कुमार वैष्णव, गोविंद मतवाला, कमलेश जांगिड़ और प्रिया राजस्थानी सहित कई कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं मुख्य भजन गायक के रूप में गोकुल शर्मा भी भजनों की प्रस्तुति देंगे।

कार्यक्रम के दौरान 19 मार्च को रात्रि 2 बजे पूज्य वर्षा के साथ जिन्द बाबा का आगमन होगा, जबकि सुबह 4 बजे महाआरती एवं संत विदाई के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

आयोजन छोटा रूणिचा प्रेम परिवार के तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं को आमंत्रित करने के लिए जगह-जगह निमंत्रण पत्रों का वितरण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर में गादीपति महंत हीरालाल जोगी तथा भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष मनोज गोधा की मौजूदगी में निमंत्रण पत्र वितरित किए गए और लोगों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया।


गादीपति महंत हीरालाल जोगी ने बताया कि छोटा रूणिचा धाम में स्थित श्री बाबा रामदेवजी मंदिर में प्रत्येक माह अमावस्या के बाद आने वाली उजाली बीज (दूज) को रात्रि में भजन संध्या आयोजित की जाती है, जिसमें जिन्द बाबा का दरबार लगता है। इस दरबार में विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचते हैं और अपनी अर्जी लगाते हैं।

# तपोदय तीर्थ में आज मनाया जाएगा पारसनाथ भगवान का केवलज्ञान महा महोत्सव

## अभिषेक, ध्वजारोहण, मुनि श्री के प्रवचन व सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित दिनभर होंगे विविध आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**शुभम जैन।** तपोदय तीर्थ क्षेत्र पार्श्वनाथ में भगवान श्री 1008 पारसनाथ के केवलज्ञान महा महोत्सव का आयोजन आज श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से किया जाएगा। महोत्सव के तहत दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे।





कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7:30 बजे बड़े मंदिर में अभिषेक व शांतिधारा से होगी। इसके बाद सुबह 8 बजे केवलज्ञान भूमि पर पारसनाथ मंडल विधान आयोजित किया जाएगा। सुबह 9 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम होगा, जिसके बाद 9:30 बजे मुनि सुप्रभ सागर के प्रवचन होंगे। सुबह 10 बजे मुनि संघ की आहारचर्या संपन्न होगी। दोपहर में 1:30 बजे क्षेत्र कमेटी का खुला अधिवेशन आयोजित किया जाएगा।

इसके बाद 3 बजे मुनि के प्रवचन तथा 4 बजे केवलज्ञान भूमि पर मस्तकाभिषेक का कार्यक्रम होगा। शाम 6:30 बजे भक्तामर आरती तथा 7:30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# झुलेलाल महिला मंडल पंचवटी ने मनाया फागोत्सव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

झुलेलाल महिला मंडल सेवा समिति पंचवटी की ओर से ज्योति नगर स्थित सिंधु भवन में फागोत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने फाग के भजनों पर नृत्य करते हुए उत्सव का आनंद लिया और राधा रानी के साथ फूलों की होली खेली।



मंडल की अध्यक्ष पुनम मिरचंदानी ने बताया कि फागोत्सव के दौरान महिलाओं ने भक्ति और उमंग के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रीति झुरानी, इंदु बंसल, नीता जेठनानी, कमला आसनानी, मीना बाबानी, सुशिला गोस्वामी, दिव्या मोहिनानी, जया धनवानी, लता देवनानी और सावित्री शर्मा सहित मंडल की कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संगिनी जेएसजी मेन भीलवाड़ा के तत्वावधान में 'संगिनी दीवा अंताक्षरी' का आयोजन किया गया, जिसमें मेवाड़ रीजन से जैन समाज की महिलाओं की 26 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत नवकार मंत्र व प्रार्थना से हुई।



मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने महिलाओं की प्रतिभा और संगठन शक्ति की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को समाज में सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत बताया।प्रतियोगिता सेमीफाइनल और फाइनल चरण में आयोजित हुई, जिसमें उदयपुर की टीम यूनिक संगिनी प्रथम, संगिनी जेएसजी भीलवाड़ा द्वितीय तथा काशीपुरी महिला मंडल व वैयावच महिला मंडल संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जेएसजी और संगिनी मंडल के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। आयोजन के अंत में सहमंत्री सोनल मेहता ने आभार व्यक्त किया।



# सीसीटीवी कैमरों से हो रही अफीम फसल की निगरानी

## सोलर कैमरों से मोबाइल पर रख रहे नजर,चोरी और पक्षियों से बचाव के लिए अपना रहे हाईटेक तरीका

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**(सांवर वैष्णव)**। अफीम की फसल की सुरक्षा के लिए अब किसान पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ आधुनिक तकनीक का भी सहारा लेने लगे हैं। क्षेत्र के कई किसान अपनी अफीम फसल की निगरानी के लिए खेतों में तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरे लगा रहे हैं, जिससे वे घर बैठे ही मोबाइल के जरिए फसल पर नजर रख पा रहे हैं।

सवाईपुर सहित सोपुरा जाटों का, बड़ला, बनकाखेड़ा, सालरिया, डसाणिया का खेड़ा और खजीना गांव अफीम उत्पादन के प्रमुख क्षेत्र हैं, जहां नारकोटिक्स विभाग के निर्देशानुसार बड़े पैमाने पर अफीम की बुवाई की जाती है। इन दिनों अफीम की फसल पूरी तरह यौवन पर है और डोडों पर लगातार चिरा लगाकर लुवाई का कार्य किया जा रहा है।





अफीम की फसल को किसान अपने बच्चों की तरह संभालते हैं और उसकी सुरक्षा को लेकर दिन-रात सतर्क रहते हैं। डोडों की चोरी और फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका के चलते किसान खेतों में झोपड़ियां बनाकर डेरा डाले हुए हैं। कई किसान अपने जरूरी काम छोड़कर भी रात-दिन खेतों की रखवाली कर रहे हैं।

इसी बीच किसानों ने सुरक्षा के लिए हाईटेक व्यवस्था भी शुरू कर दी है। बड़ला गांव के अफीम काश्तकार बद्रीलाल तेली ने अपने खेत पर सोलर सीसीटीवी कैमरा लगाया है। यह कैमरा उनके मोबाइल फोन से जुड़ा हुआ है, जिससे वे कहीं से भी अपने खेत की निगरानी कर सकते हैं।

किसान बद्रीलाल तेली ने बताया की कैमरे में स्पीकर भी लगा हुआ है। यदि खेत में कोई पशु-पक्षी या अन्य व्यक्ति घुसता है तो मोबाइल के जरिए तुरंत आवाज देकर उसे भगाया जा सकता है।

साथ ही फसल को पक्षियों से बचाने के लिए डोडों के ऊपर जाल भी लगाए जा रहे हैं तथा खेतों की तारबंदी भी की गई है। किसानों का कहना है कि सोलर सीसीटीवी कैमरा लगाने में ज्यादा खर्च नहीं आता और इससे खेत की सुरक्षा भी काफी हद तक आसान हो जाती है। तकनीक के इस उपयोग से अफीम फसल की निगरानी पहले की तुलना में अधिक प्रभावी हो गई है।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

**मानव तिवारी**

तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशानुसार शुक्रवार को किशनपुरा व लक्ष्मी खेड़ा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान आशा चेतना महिला अधिकारों एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरूक किया गया।




इस दौरान पीएलवी राम बाबू माथुर और पीएलवी सुनीता नायक ने उपस्थित लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणाम, दहेज प्रथा और महिला अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह न केवल सामाजिक कुरीति है, बल्कि यह कानूनन अपराध भी है। इससे बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।

कार्यक्रम में ग्रामीणों से बाल विवाह रोकने और समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की गई। साथ ही दहेज प्रथा जैसी कुप्रथा के खिलाफ भी समाज को आगे आने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में रेखा कालबेलिया, कैलाशी मीणा, रीनू मीणा, शारदा मीणा, रोशन मीणा, पारी मीणा, शारदा कालबेलिया, मांगीलाल धाकड़, खेमजी धाकड़, प्रकाश धाकड़, रामप्रसाद धाकड़, भूपेंद्र प्रजापत, मुकेश धाकड़, भंवरलाल धाकड़, सुगनलाल धाकड़, रमेश धाकड़, कन्यालाल धाकड़, गायत्री राजपूत, मोनिका कालबेलिया, राजवीर कालबेलिया सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# नारी 360 डिग्री कार्यक्रम में महिलाओं को संतुलन, सुरक्षा व स्वावलंबन का संदेश







भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कल्याणी फाउंडेशन की ओर से वरिष्ठ नागरिक भवन में 'नारी 360 डिग्री - संतुलन, सुरक्षा एवं स्वावलंबन' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल थे, जबकि मुख्य वक्ता इंदौर की मनोचिकित्सक डॉ. माया बोहरा रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष दिव्या बोरदिया ने की। विशिष्ट अतिथियों में ममता मोदानी, पुष्पा गोखरू और समाजसेविका सुमन बनवट मौजूद रहीं।

मुख्य वक्ता डॉ. माया बोहरा ने कहा कि महिलाएं व्यापार, नौकरी, प्रोफेशन और समाज सेवा हर क्षेत्र में सफलता हासिल करने की क्षमता रखती हैं। उन्होंने कहा कि सच्ची सफलता कार्य और जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने में है। संतुलित जीवन से ही मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है और सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है।

सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि बदलते समय में महिलाओं की ताकत और पहचान लगातार बढ़ रही है। उन्होंने महिलाओं से सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान कल्याणी फाउंडेशन के थीम सॉन्ग 'कल्याणी मेरा जोश है, कल्याणी मेरा मान है' की लॉन्चिंग भी की गई। वहीं कवयित्री शालू जैन ने महिला सशक्तिकरण पर काव्य प्रस्तुति दी। महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी गंगा दाधीच ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम में फाउंडेशन की सदस्याओं सहित शहर के विभिन्न महिला संगठनों की पदाधिकारी और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# महिला सुरक्षा और अधिकारों के प्रति किया जागरूक: आसींद में साथिनों की कार्यशाला आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को कस्बा स्थित बाल विकास परिसर में साथिन महिलाओं के लिए एक विशेष जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।पायलट आदर्श लोक जीवन उत्थान समिति, चूल्हेरा (डीग) द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की सोशल काउंसलर सुगना वैष्णव ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को उत्पीड़न से उबरने के तरीकों और निशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई। सुगना वैष्णव ने वर्तमान दौर की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय और सुरक्षा टिप्स साझा किए। महिलाओं को आपातकालीन स्थिति में विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों का प्रभावी उपयोग करने की सलाह दी। बाल विवाह को कानूनी अपराध बताते हुए इसे रोकने के उपाय साझा किए। साथ ही, क्षेत्र में व्याप्त 'नाता प्रथा' जैसी कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक होने का आह्वान किया। महिलाओं से संबंधित नए कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान सुपरवाइजर हेमलता मैम ने राज्य सरकार की महत्वपूर्ण 'मुख्यमंत्री वर्क फ्रॉम होम - जॉब वर्क योजना' के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि कैसे साथिन और ग्रामीण महिलाएँ घर बैठे इस योजना का लाभ उठाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकती हैं। बैठक के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण साथिन महिलाएँ उपस्थित रहीं।




## QUICK BITES

### महिला दिवस सप्ताह पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित, योजनाओं की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



**रमेश गुर्जर** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर ब्लॉक स्तर पर महिला अधिकारिता विभाग की ओर से विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए नगर के आंगनबाड़ी केंद्र-1 पर हस्ताक्षर अभियान, रैली एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देना रहा।

कार्यक्रम में लाडो प्रोत्साहन योजना, वर्क फ्रॉम होम योजना, शिक्षा सेतु, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना तथा मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

बाल विकास परियोजना अधिकारी शंकर लाल बैरवा ने बताया कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन कर रही है, जिनका लाभ महिलाओं को उठाना चाहिए। इस अवसर पर पुलिस थाने से शारदा धाकड़ ने महिलाओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा, महिला हेल्पलाइन नंबर तथा आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि जागरूकता और सतर्कता से कई अपराधों को रोका जा सकता है। आईसीडीएस विभाग के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी श्याम सुंदर ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उपस्थित महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। वहीं ब्लॉक सुपरवाइजर अर्चना राव ने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बाल विवाह, घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति सजग रहने और जरूरत पड़ने पर महिला सलाह सुरक्षा केंद्र एवं वन स्टॉप सखी सेंटर से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला में बिजौलिया पंचायत समिति की विभिन्न पंचायतों से ग्राम साथिनों के साथ कार्यकर्ता सपना और सहायिका पिंकी सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं।

### मुनि प्रणीत सागर महाराज का 42वां अवतरण दिवस श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाया

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।



स्थानीय दिगम्बर जैन मंदिर में चर्या शिरोमणि आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य 108 मुनि प्रणीत सागर महाराज का 42वां अवतरण दिवस श्रद्धा, उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई। इसके बाद समाज के श्रेष्ठियों द्वारा पद प्रक्षालन किया गया तथा मुनि के करकमलों में शास्त्र दान किया गया। कार्यक्रम के दौरान युवा मंडल, बालक मंडल एवं महिला मंडल ने नाचते-गाते और झूमते हुए अष्ट द्रव्य से पूजन कर श्रद्धा अर्पित की।

इस अवसर पर पूज्य मुनि ने अपने उद्बोधन में अपने मुनि बनने की प्रेरक घटना का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि गृहस्थ जीवन में वे एक बड़े पद पर आसीन थे और उनके पास सभी प्रकार की आधुनिक सुख-सुविधाएं थीं, लेकिन उनसे उन्हें संतुष्टि नहीं मिली। सच्चे और निराकुल सुख की तलाश ने उन्हें वैराग्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी और उन्होंने मुनि दीक्षा ग्रहण की। आज वे स्वयं के साथ हजारों लोगों को धर्म के मार्ग पर प्रेरित कर रहे हैं।

मुनि के महुआ प्रवास से नगर में धर्म की गंगा बह रही है और बच्चे-बूढ़े सभी धर्म का लाभ ले रहे हैं।

इस अवसर पर पंडित बृजेश शास्त्री, मुकेश सेठिया, सुरेश सोनी, राजेश काला, महावीर ठग, सतीश सेठिया, पंकज सेठिया, छवि, चैनसुख काला, लोकेश सेठिया सहित जैन समाज के कई लोग उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# ईएसआईसी कर्मचारियों के लिए चला रहा कई कल्याणकारी योजनाएंः चौरसिया

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के 75वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को मेवाड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सहयोग से जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उद्योगों के एचआर हेड, कर्मचारी और उनके आश्रित बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

कार्यक्रम में ईएसआईसी उपक्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर के निदेशक निखिल कुमार ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से निगम की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईएसआईसी कर्मचारियों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए आश्रित लाभ, निःशक्तता लाभ, चिकित्सा लाभ, मातृत्व लाभ और कोविड राहत योजना सहित कई सुविधाएं प्रदान करता है।

संयुक्त निदेशक दीपक चौरसिया ने कहा कि भीलवाड़ा जिले के उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए ईएसआईसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रहा है और कर्मचारियों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए।

इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मुकेश तिवाड़ी और शाखा प्रबंधक ललित किशोर महावर ने भी ईएसआई अस्पताल की चिकित्सा सुविधाओं, पंजीयन प्रक्रिया और योजनाओं की जानकारी दी। कार्यशाला में कर्मचारियों के सवालों के जवाब भी अधिकारियों द्वारा दिए गए।

# राष्ट्र सेविका समिति के तत्वावधान में भव्य फागोत्सव आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




राष्ट्र सेविका समिति, भीलवाड़ा विभाग द्वारा विभाग कार्यवाहिका मनीषा जाजू के निवास पर हर्षोल्लास के साथ फागोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए फाग और होली के पारंपरिक रंगों का आनंद लिया। प्रांत तरुणी प्रमुख कीर्ति सोलंकी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विनीता तापड़िया एवं उनकी सखियों द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया। उपस्थित सेविकाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में फूलों की होली खेलते हुए फागुनी भजनों पर जमकर नृत्य किया और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान राधा-कृष्ण के भजनों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए गए। जिसमें समिति की लगभग तीन सौ बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में सभी ने मिलकर भारतीय संस्कृति और परंपराओं के इस रंगोत्सव को उल्लासपूर्वक मनाया। आरती और प्रसाद वितरण के साथ फागोत्सव का समापन हुआ।

# बनकाखेड़ा में बानोड़ा बालाजी के श्री राम दिव्य रथ का हुआ भव्य स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**



**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे के निकटवर्ती बनकाखेड़ा गांव में शुक्रवार को बानोड़ा बालाजी के श्री राम दिव्य रथ का ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

बालाजी का यह रथ शुक्रवार को धूमड़ास बन्नी स्थित देवनारायण भगवान के स्थान से रवाना होकर बनकाखेड़ा में मोचडिया के मंड देवनारायण भगवान के मंदिर पहुंचा। इस दौरान बनकाखेड़ा गांव के मुख्य चौराहे पर ग्रामीणों ने पूजा-अर्चना कर रथ का स्वागत किया तथा माला पहनाकर और पुष्पवर्षा कर श्रद्धा व्यक्त की। रथ के स्वागत के दौरान सवाईपुर और ढेलाणा क्षेत्र के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और जयकारों के साथ स्वागत किया।

जानकारी के अनुसार मोचडिया के मंड देवनारायण मंदिर परिसर में बानोड़ा बालाजी के तत्वावधान में श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे तथा पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहा।

# तीन दिवसीय धर्म प्रभावना में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## आर्यिकारत्न विज्ञाश्री माताजी ने अष्ट द्रव्य पूजन का बताया महत्व

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में आर्यिकारत्न विज्ञाश्री माताजी ससंघ के सानिध्य में आयोजित तीन दिवसीय धर्म प्रभावना कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्मसभा में भाग लेकर आध्यात्मिक प्रवचनों का लाभ लिया।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए आर्यिकारत्न विज्ञाश्री माताजी ने कहा कि अष्ट द्रव्य से भगवान की पूजा करने से आत्मा की शुद्धि होती है तथा संचित कर्मों का क्षय होता है। उन्होंने बताया कि अष्ट द्रव्य पूजन केवल बाहरी सामग्री तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके साथ आंतरिक भावनाओं की पवित्रता भी आवश्यक है। भावपूर्वक की गई पूजा के माध्यम से व्यक्ति में वैराग्य, करुणा और अहिंसा जैसे गुण विकसित होते हैं।

उन्होंने जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप और फल सहित अष्ट द्रव्यों का महत्व बताते हुए कहा कि यदि श्रद्धालु नियमित रूप से मंदिर में पूजन करते हैं तो उन्हें मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर होने का अवसर प्राप्त होता है। माताजी ने प्रवचन के दौरान आपसी प्रेम और क्षमा की भावना को जीवन में अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि मनुष्य को



निस्वार्थ भाव से सभी के प्रति वात्सल्य रखना चाहिए, सभी को क्षमा करना और आवश्यकता पड़ने पर क्षमा मांगना भी सीखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वीतरागी प्रभु के आदर्शों का अनुसरण करते हुए साधक को योग-नियोग के माध्यम से अपने कर्मों की निर्जरा करनी चाहिए, जिससे आत्मिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति संभव हो सके।

प्रचार मंत्री प्रकाश पाटनी ने बताया कि कार्यक्रम के समापन के बाद शुक्रवार सायंकाल 4:30 बजे आर्यिकारत्न विज्ञाश्री माताजी ससंघ बापू नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर से विहार कर श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, न्यू हाउसिंग बोर्ड शास्त्री नगर में मंगल प्रवेश करेंगे। इस अवसर पर जैन समाज के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे।

# चंवरा हनुमानजी मंदिर परिसर में गाडरी समाज की बैठक, सामाजिक कुरीतियों पर हुई चर्चा

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास ।**



**रोशन ।** चंवरा के हनुमानजी मंदिर परिसर में धनघर गाडरी समाज आम चौखला की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के कई गणमान्य लोग एवं समाजबंधु उपस्थित रहे।

बैठक में समाज में फैली कुरीतियों और सामाजिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही झरना महादेव सेवा समिति, कोटाज श्याम सेवा समिति और हरणी महादेव सेवा समिति द्वारा लिए गए निर्णयों का समर्थन करते हुए निर्णयों पर पूर्ण सहमति व्यक्त की।

बैठक की अध्यक्षता सुरजमल गाडरी निवासी जीवा खेड़ा ने की । इस दौरान सोहन लाल गाडरी खारों का खेड़ा, काना गंगा का खेड़ा और भंवर गाडरी सहित कई समाजन मौजूद रहे। इस अवसर पर सिंगोली श्याम गाडरी समाज सेवा समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों का चयन समाज की सहमति से करने पर चर्चा हुई ।

## QUICK BITES

### त्रिशला महिला मंडल का फागोत्सव और वरिष्ठ नारी सम्मान समारोह उत्साह के साथ संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



त्रिशला महिला मंडल, हाउसिंग बोर्ड, शास्त्री नगर की ओर से फागोत्सव एवं वरिष्ठ नारी सम्मान समारोह का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम में मंडल की करीब 50 महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान सभी महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से फूलों की होली खेलकर फागोत्सव मनाया। इस अवसर पर मंडल की वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान कर उनके अनुभव और योगदान को भी सराहा गया।

कार्यक्रम का संचालन सरला चूड़ीवाल ने किया। अंत में मंडल की अध्यक्ष सुशीला छाबड़ा ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और कार्यक्रम का समापन किया।

### पं. प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा को लेकर कार्यालय का शुभारंभ आज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

देश के प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से धर्मनगरी भीलवाड़ा में 8 से 14 अप्रैल तक आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउंड में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा। इस आयोजन के लिए श्री शिव महापुराण कथा आयोजन समिति के कार्यालय का शुभारंभ शनिवार को दोपहर 12:15 बजे किया जाएगा।


समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने बताया कि हेड पोस्ट ऑफिस के सामने संकटमोचन हनुमान मंदिर के पास स्थित इस कार्यालय का शुभारंभ कथा आयोजन के सूत्रधार महंत बाबूगिरीजी महाराज तथा भीलवाड़ा के विभिन्न संत-महात्माओं के सानिध्य में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी करेंगे।

सोमानी ने बताया कि आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउंड में होने वाले इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मैदान में सफाई कार्य प्रारंभ हो चुका है तथा आयोजन की व्यवस्थाओं के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर उन्हें अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं।

कथा प्रारंभ होने से एक दिन पूर्व 7 अप्रैल को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें हजारों की संख्या में मातृशक्ति सिर पर मंगल कलश धारण कर भाग लेंगी।

### विधायक अशोक कोठारी ने विधानसभा में उठाया मुद्दा , ईएसआई अस्पताल को केंद्र सरकार के अधीन करने की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने विधानसभा में भीलवाड़ा के कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पताल को केंद्र सरकार के अधीन कर्मचारी राज्य बीमा निगम को हस्तांतरित करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि ऐसा होने से भीलवाड़ा के साथ ही चित्तौड़गढ़ जिले के बीमित श्रमिकों को बेहतर और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी।

विधायक कोठारी ने बताया कि भीलवाड़ा स्थित 50 शैय्या वाला राज्य कर्मचारी बीमा अस्पताल लंबे समय से विशेषज्ञ चिकित्सकों और आवश्यक स्टाफ के अधिकांश पद रिक्त होने के कारण श्रमिकों को अपेक्षित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा प्रदेश की प्रमुख औद्योगिक नगरी है, जहां विभिन्न उद्योगों में कार्यरत बीमित श्रमिकों की संख्या करीब एक लाख है, जो राज्य में श्रमिकों की संख्या के लिहाज से पांचवें स्थान पर है। यदि श्रमिकों के आश्रितों को भी इसमें शामिल किया जाए तो लाभार्थियों की संख्या लगभग तीन से चार लाख तक पहुंच जाती है।

कोठारी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा अस्पताल को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अधीन लेने के लिए 29 सितंबर 2023 को राज्य सरकार के साथ एमओयू भी किया गया था, लेकिन इस दिशा में अब तक विशेष प्रगति नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य में डबल इंजन की सरकार है और सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाना है।

इस पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने जवाब देते हुए कहा कि अप्रैल माह तक विशेषज्ञ चिकित्सकों के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके बाद स्थानीय विधायक से सलाह-मशविरा कर अस्पताल को केंद्र सरकार के अधीन देने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

### महिला दिवस पर 'डब्ल्यू-26' सामूहिक कला प्रदर्शनी कल से 12 मार्च तक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शहर में पहली बार देश-विदेश के कलाकारों की कलाकृतियों का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। दीपिका आर्ट एकेडमी, नेशनल आर्टिस्ट एसोसिएशन और नवदीप के संयुक्त तत्वावधान में 'डब्ल्यू-26 सामूहिक कला प्रदर्शनी' का आयोजन 8 से 12 मार्च तक किया जाएगा। आर्ट एकेडमी की निदेशक दीपिका पाराशर ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन 8 मार्च को सुबह 10 बजे शहर की विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रही महिलाओं द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में नीतू ओस्तवाल मुख्य अतिथि, दिव्या बांगड़ सम्मानित अतिथि तथा गृशिमा शर्मा, डॉ. अर्पणा श्यामसुखा सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। नेशनल आर्टिस्ट एसोसिएशन के फाउंडर अतुल पड़िया ने बताया कि प्रदर्शनी में फ्रांस, जापान, इटली, बांग्लादेश, ईरान, नेपाल, क्रोएशिया और इजराइल सहित भारत के विभिन्न शहरों के करीब 40 कलाकारों की चित्रकला, मूर्तिकला, फोटोग्राफी, डिजिटल आर्ट और मिक्स मीडिया की कृतियां प्रदर्शित होंगी। प्रदर्शनी के दौरान 10 मार्च को अल्य मिस्त्री शिल्प कला का लाइव डेमो देंगे, वहीं स्कूल-कॉलेज के बच्चों को भी अपनी कला प्रदर्शित करने और कलाकारों से सीखने का अवसर मिलेगा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।